

## एक नजर में



### अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएँ

ग्वालियर 24 फरवरी। विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आमजनों की जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त प्रदीप सिंह तोमर ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 03 रामनगर गली घोसीपुरा के निवासीगणों ने आवेदन देते हुए बताया कि घोसीपुरा में सीवेज चेम्बर क्षतिग्रस्त होने से सीवर ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहता है, आवेदकों ने सीवर चेम्बर को सही कराये जाने के संबंध में, वार्ड 23 राठौर संतर नदीपार टाल के रहवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि क्षेत्र में पशुपालकों द्वारा गाय भैंसों का गोबर प्रति दिन नालियों में बहाया जाता है, जिससे नाली व सीवर चौक हो जाते हैं एवं गंदगी भी फैलाते हैं, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 21 इंद्रमणी नगर के गैंदालाल दोहरे ने आवेदन देते हुए बताया कि इंद्रमणि नगर पीताम्बरा स्टेट के पीछे कॉलोनी में बरसात के दिनों में जलभराव होता है, बरसात के पानी की निकासी नाले में कराये जाने के संबंध सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई करते हुए अपर आयुक्त ने कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बाकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 32 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण सत्र आयोजित होगा

**ग्वालियर 24 फरवरी.** ग्वालियर-चंबल संभाग में पदस्थ शासकीय लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण शाला में 01 अप्रैल से लेखा प्रशिक्षण सत्र शुरू होने जा रहा है। यह लेखा प्रशिक्षण सत्र चंद्रवदनी नाका के समीप स्थित न्यू राजस्व भवन में संचालित शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में आयोजित होगा। इसके लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारी निर्धारित प्रारूप में 15 मार्च तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।



### भरतपुर में विवाह के लिए 120 युवक युवतियों ने दिया परिचय

**ग्वालियर 24 फरवरी.** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा 134 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन भरतपुर राजस्थान में आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बंसल पूर्व विधायक भरतपुर एवं राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष अग्रवाल थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बबीता अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री मुकेश सिंघल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे कार्यक्रम की अध्यक्षता अतुल मित्तल अग्रवाल महासभा अध्यक्ष भरतपुर ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अग्रबंधुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम देख रहे कि बच्चों की उम्र 28 एवं 30 वर्ष से भी ऊपर निकल रही है और रिश्ते नहीं हो पा रहे हैं, बाहर शहरों में जाकर शिक्षा ग्रहण करने की बजह से बच्चों को पारिवारिक माहौल नहीं मिल पा रहा है ,यही वजह है कि बच्चे अपनी इच्छा अनुसार बिना जानकारी के रिश्ते करते हैं और कुछ दिनों के बाद यह रिश्ते टूट जाते हैं, इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय बंसल ने कहा कि परिचय सम्मेलन ने समाज बंधुओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए एक ही मंच पर सबको एकत्रित कर सराहनीय कार्य किया है। सीए अतुल मित्तल ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी, मंच पर युवक युवतियों का परिचय प्रीति कंसल जिला अध्यक्ष परिचय सम्मेलन, शालिनी मित्तल अध्यक्ष अग्रवाल महासभा ने कराया। परिचय सम्मेलन में 950 युवक युवतियों के पंजीयन किये गये थे। कार्यक्रम का संचालन बालकृष्ण बंसल मुकेश कुमार सिंगला महामंत्री एव मोनिका बंसल ने किया। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने के लिए विष्णु लोहिया, दीनदयाल गुप्ता, मोहनलाल मित्तल, विष्णु गर्ग ,नरेंद्र सिंघल, रामनिवास अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, सचिन मित्तल, ओमप्रकाश गुप्ता, हेमराज गोयल, मनीष गर्ग, नवरत्न गर्ग, भूपेंद्र गर्ग, महेश गुप्ता, विनोद कुमार, सतीश मित्तल, प्रदीप आर्य, विनय दमदम, ओमप्रकाश सिंघल, सुषमा गुर्जर, निशा गोयल, पारुल गोयल, मीनू गोयल, अंजू मित्तल, सुषमा सिंघल, निधि गोयल, फूलचंद गर्ग, संजीव गुप्ता, गिरधारी गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

### आरजेएन अपोलो हॉस्पिटल में फ्री घुटना रिप्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**ग्वालियर 24 फरवरी.** क्षेत्र के अग्रणी सुपरस्पेशियलिटी संस्थान आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल द्वारा घुटनों के लंबे समय से दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए एक विशेष 'मेगा फ्री नी रिप्लेसमेंट सेकेंड ओपिनियन कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप विशेष रूप से उन मरीजों के लिए है जो घुटना प्रत्यारोपण कराने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन सर्जरी को लेकर असमंजस में हैं। कैंप का आयोजन कल 26 फरवरी, गुरुवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक अस्पताल परिसर, 18, विकास नगर, साईं बाबा मंदिर के पास, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) में किया जाएगा। इस कैंप के माध्यम से अनुभवी विशेषज्ञ डॉ हिमांशु कुशवाह एवं डॉ अनिरुद्ध चांडक मरीजों की जांच कर उन्हें सर्जरी की आवश्यकता, विकल्पों एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तृत परामर्श देंगे। साथ ही मरीजों को यह समझाया जाएगा कि कब सर्जरी आवश्यक होती है और कब अन्य उपचार से लाभ मिल सकता है। आयुष्मान भारत, ईसीएचएस एवं टीपीए मरीजों के लिए नि:शुल्क जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सुविधा। टीपीए एवं कैश मरीजों के लिए रोबोटिक सर्जरी अपग्रेड नि:शुल्क।

# रमौआ क्षेत्र से हटाए अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 फरवरी.** शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम झांसी रोड अतुल सिंह के नेतृत्व में गई संयुक्त टीम ने शहर से सटे रमौआ ग्राम में स्थित बेशकीमती 25 हजार वर्ग फीट जमीन से मशीनों की मदद से बेजा कब्जे हटवाए। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई इस सरकारी जमीन की कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए आंकी गई है। एसडीएम झांसी रोड अतुल सिंह ने बताया कि ग्राम रमौआ के अंतर्गत स्थित सर्वे क्रमांक-101 की 25 हजार वर्ग फीट सरकारी जमीन पर अवैध रूप से 40 फीट चौड़ी आरसीसी रोड बना ली गई थी। तहसीलदार सिटी सेंटर द्वारा इस सरकारी जमीन से बेजा कब्जा हटाने के लिये पूर्व में बेदखली आदेश जारी किया गया था। इस आदेश का पालन कराने के लिये मंगलवार को राजस्व, पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुँची और मशीनों की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त कराए गए। इस कार्रवाई में तहसीलदार सिटी सेंटर कुलदीप दुबे, राजस्व निरीक्षक सतेंद्र भदौरिया व रवि करैया सहित संबंधित पुलिस अधिकारी व नगर निगम का मदाखलत दस्ता शामिल रहा।



# संभागीय हाट बाजार में खुलेगा स्थायी 'आजीविका मार्ट'

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 फरवरी.** फूलबाग स्थित संभागीय हाट बाजार में स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए स्थायी 'आजीविका मार्ट' खुलने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 फरवरी को दोपहर में ग्वालियर के आजीविका मार्ट के साथ-साथ प्रदेश के अन्य शहरों में शुरू होने जा रहे आजीविका मार्ट का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। संभागीय हाट बाजार में आयोजित होने जा रहे आजीविका मार्ट के उदघाटन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव व उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका घुरैया मौजूद रहेंगीं। ग्वालियर के आजीविका मार्ट में होली के सामान के साथ-साथ स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। फूलबाग स्थित संभागीय हाट बाजार में 27 व 28 फरवरी को 'होली के रंग, आजीविका के संग' होली मेला लगेगा।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव 25 फरवरी को करेंगे वर्चुअल शुभारंभ**

# स्टंटबाजी और मारपीट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 फरवरी.** थाटीपुर पुलिस ने क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है। पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फरियादी राहुल वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सुमित और राहुल आदिवासी गली में बाइक से स्टंट कर रहे थे। टोकने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की और पड़ोसी की बाइक में तोड़फोड़ की। जिसका अपराध क्रमांक 48/26 है।

दूसरी घटना (23 जनवरी): पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अशोक, सुमित, कुंदन और सौरभ ने रोहित वर्मा के घर में घुसकर हमला किया। बीच-बचाव करने आई रोहित की बहन पर ईंट से हमला किया गया और पड़ोसी की गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया गया। थाना प्रभारी विपेन्द्र सिंह चौहान की टीम ने भीम नगर में दबिश दी और आरोपी सुमित उर्फ पप्पू (19 वर्ष) और अशोक गौड़ (42 वर्ष), निवासी भीम नगर को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल की गई काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल जब्त कर ली। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए दोनों आरोपियों पर पहले से ही 5-5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# डिजिटल जनगणना का काम ग्वालियर जिले में भी शुरू

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 फरवरी.** विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्यों में शामिल भारत की जनगणना की तैयारियां ग्वालियर जिले में भी जारी हैं। देश में पहली बार डिजिटल रूप से जनगणना होने जा रही है। साथ ही देश में पहली बार स्व-गणना का अवसर भी लोगों को दिया गया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति एसई वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में जनगणना संबंधी 34 बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। जनगणना की तैयारियों के सिलसिले में मंगलवार को कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में बाल भवन में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। साथ ही जनगणना कार्य में संलग्न किए गए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के समस्त चार्ज व सहचार्ज अधिकारियों (तहसीलदार व नायब तहसीलदार इत्यादि) को प्रशिक्षित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अधिकारियों से कहा कि पूरी गंभीरता व मुस्तैदी के साथ इस संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने इस अवसर पर जिलेवासियों से भी अपील की कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णत: गोपनीय रहेगी। साथ ही ऐसा स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती चौहान ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि गर्व की बात है कि हम सबको दुनिया के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्य जनगणना करने का सुअवसर मिला है। जनगणना का कार्य पूरी तरह संवैधानिक है। भारतीय संविधान में 32 बार जनगणना का उल्लेख आया है। साथ ही संविधान के अनुच्छेद-246, जनगणना अधिनियम 1948 व जनगणना नियम 1990 के तहत जनगणना का कार्य किया जा रहा है। राज्य के मुख्य सचिव प्रदेश में जनगणना कार्य के नोडल अधिकारी का दायित्व निभा रहे हैं। इसलिये पूरी गंभीरता व मुस्तैदी के साथ इस कार्य को अंजाम दें। बाल भवन में आयोजित बैठक एवं प्रशिक्षण में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत व प्रादेशिक जनगणना कार्यालय भोपाल से आईं संभाग की प्रभारी प्रेमा नायर व जिले के प्रभारी राकेश मीणा एवं जिले के एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# जेआईपीएसआर कॉलेज में हुई फेयरवेल एवं फ्रेशर पार्टी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 24 फरवरी.** व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ के अंतर्गत संचालित जय इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साईसेज एण्ड रिसर्च में बी.फार्मा. नवीन सत्र की फ्रेशर पार्टी एवं बी.फार्मा. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की फेयरवेल पार्टी का गरिमामय वातावरण में किया गया।वरिष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया। फ्रेशर विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, गायन, समूह नृत्य एवं रैंप वॉक जैसी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी. वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भावुक होकर अपने शैक्षणिक जीवन के अनुभव साझा किये और शिक्षकों एवं साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल प्रवेश एवं मिस फेयरवेल रेशु चैहान रहें एवं मिस्टर फ्रेशर सनी धाकड़ एवं मिस फ्रेशर वैष्णवी राजपूत रहीं । इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील कुमार सिंह राठौर ने कहा कि फार्मेसी का क्षेत्र अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण है और विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को अपनाकर समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि 'आज का युग रिसर्च, क्लिनिकल प्रैक्टिस, इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल और पेशेंट काउंसलिंग जैसे अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर संस्थान की चयेरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहें।



# कॉम्बिंग गश्त में 271 वारंटी गिरफ्तार

**ग्वालियर 24 फरवरी.** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देशन में बीती रात जिले भर में 'कॉम्बिंग गश्त' की गई। इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने सैकड़ों वारंटियों को दबोचा और आदतन अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस ने कुल 271 वारंटियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 129 स्थायी वारंटी और 142 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। जिले के 184 गुंडा और 173 हिस्ट्रीशीटरों (कुल 357) को उनके घरों पर जाकर चेक किया गया। गश्त के दौरान थाना सिरोल, गिजोर्रा, भितरवार, मोहना, बेहट और डबरा देहात में अवैध शराब के कुल 07 मामले पकड़े गए।

थाना उटीला पुलिस ने 01 फरारी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। एसएसपी ग्वालियर ने स्वयं गश्त का जायजा लिया। पुलिस टीमों ने न केवल बदमाशों के घर दबिश दी, बल्कि बैंक एटीएम, होटल, लॉज, ढाबों और धर्मशालाओं की भी चेकिंग की। संदिग्ध वाहनों और मुंह बांधकर घूमने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

# अर्थ साइंस की राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन अर्थ साइंस द्वारा 25 से 26 फरवरी तक 'मध्य प्रदेश के भूविज्ञान और भू-विरासत स्थलों के प्रबंधन में भारतीय ज्ञान प्रणाली' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को भू-विज्ञान से जोड़ते हुए मध्यप्रदेश के भू-धरोहर स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और प्रभावी प्रबंधन पर सार्थक विमर्श करना है। आज जेयू के गालव सभागार में प्रातः 10:30 बजे उद्घाटन सत्र आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरू प्रो. राजकुमार आचार्य करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइंसेज के निदेशक प्रो. महेश जी. ठक्कर उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. यू.सी. सिंह तथा की-नोट वक्ता के रूप में पूर्व उपमहानिदेशक, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण भारत डॉ. सतीश त्रिपाठी अपने विचार रखेंगे। संयोजक प्रो. एस.एन. महापात्रा ने बताया कि संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं पृथ्वी विज्ञान, पारंपरिक खनन और धातुकर्म, भू-धरोहर स्थलों की पहचान एवं संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भूमिका तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों में प्रो. महेश जी. ठक्कर, प्रो. सुयश शर्मा, प्रो. चंद्रशेखर बरूआ, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. अनिल कुमार, प्रो. संजय टिगनाथ, डॉ. रवि चौरे, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं डॉ. विजय टेलर सहित अनेक विशेषज्ञ अपने व्याख्यान देंगे। 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे विश्वविद्यालय के सीआईएफ सेमिनार हॉल में समापन सत्र आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे उपस्थित रहेंगी।

**CHANGE OF NAME**

I, Kusum Sikarwar is legally wedded spouse of No. 14679988L, Rank- NK, Name- Mukesh Singh, Unit of– 97 FD REGT C/o 56 APO, Presently residing at Vill- Galetha, Post- Galetha, Teh- Joura, Dist- Morena, State Madhya Pradesh, Pin- 476001 have changed my name from KUSUM SIKARWAR to KUSHUM SIKARWAR Vide Affidavit No. BX 982163 & Date- 23/02/2026 before District Court Gwalior

**CHANGE OF NAME**

I, SANJIT KUMAR Son of Army No. JC 294587K Rank Sub (GNR) Name Ram Gopal, Unit of- 97 FD REGT C/o 56 APO, Presently residing at Vill- Ram Nagar, Post- Baldirai, Tehsil- Baldirai, Dist- Sultanpur, State- Uttar Pradesh, Pin- 227806 have changed my name from SANJIT KUMAR to SANJEET YADAV Vide Affidavit No. BX 982162 & Date- 23/02/2026 before District Court Gwalior

**CHANGE OF NAME**

I, REBECCA LALTHLIMPUII is legally wedded spouse of No. JC-552648N Rank- Nb Sub Name- LALLAWMPUIA Presently residing at 65, Hospital Area, Thingsulthliah, Aizawl, Mizoram - 796161 have changed my name from REBECCA LALTHLIMPUII to REBECCA LALHLIMPUII Vide Affidavit No. BX 982170 & Date- 23/02/2026 before District Court Gwalior

**उपनाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं देवकीनंदन गुप्ता पुत्र श्री- जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी- मुकुंद मार्केट, रूकमणि मार्केट के पास, सुभाष गंज डबरा ग्वालियर, (म.प्र.) यह कि मुझ प्रार्थी के पूर्व पासपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजों में नाम **देवकी नंदन** DEVKI NANDAN अंकित है। जबकि अब मैने अपना नाम **देवकी नंदन** DEVKI NANDAN के स्थान पर पूरा एवं सही नाम **देवकीनंदन गुप्ता** DEVKINANDAN GUPTA रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य में **देवकीनंदन गुप्ता** DEVKINANDAN GUPTA के नाम से ही जाना एवं पहचाना जायें।

प्रार्थी
नाम देवकीनंदन गुप्ता
पुत्र श्री- जगदीश प्रसाद गुप्ता
निवासी- मुकुंद मार्केट रूकमणि मार्केट के पास, सुभाष गंज डबरा ग्वालियर, (म.प्र.)

**कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)**

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सौजना-तिघरा, ग्वालियर (मप्र)
क्रमांक / विक्षेविप्रा/संपदा/2026- ग्वालियर
दिनांक..../02/2026

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश कुमार जोशी पुत्र श्री सदाशिव राव जोशी एवं श्री परेश कुमार जोशी पुत्र श्री सुरेश कुमार जोशी निवास-20 चाणक्यपुरी, ग्वालियर म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में भूखण्ड सेक्टर-ए1 ब्लॉक-05 भूखण्ड क्रमांक 20 एम. आई.जी. 200 वर्गमीटर आकार आवंटित किया गया था। श्री सुरेश कुमार जोशी एवं श्री परेश कुमार जोशी के कार्यालय में प्राप्त आवेदन से उक्त भूखण्ड को आवंटन का अंतरण द्वारा सुश्री दीपाली अग्रवाल पुत्री श्री दिलीप अग्रवाल निवास छत्री बाजार लश्कर, ग्वालियर, म.प्र. को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति होतो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तांरण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी साडा
(काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

**कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)**

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सौजना-तिघरा, ग्वालियर (मप्र)
क्रमांक / विक्षेविप्रा/संपदा/2026- ग्वालियर
दिनांक..../02/2026

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार पंजवानी पुत्र श्री कन्हैयालाल निवास बी-13 समाधिया कॉलोनी, तारागंज, लश्कर, ग्वालियर म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में भूखण्ड सेक्टर-सी ब्लॉक-03 भूखण्ड क्र. 81 एम.आई.जी. 200 वर्गमीटर आकार आवंटित किया गया था। श्री राज कुमार पंजवानी द्वारा उक्त भूखण्ड के पट्टे का हस्तांतरण द्वारा श्री विकास मिश्रा पुत्र श्री राधेश्याम मिश्रा, निवास- 202 कृति अपार्टमेंट सुरेश नगर, थाटीपुर ग्वालियर म.प्र. को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तारण की कार्यवाही की जायेगी।

संपदा अधिकारी साडा
(काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह कि शपथकर्ता की नाबालिग पुत्री जिसका जन्म दिनांक 26.06.2016 के नाम से पासपोर्ट क्रमांक P6823567 बना हुआ है जिसमें मेरी पुत्री का नाम NAINA अंकित है जो कि पूर्व में बने जन्म प्रमाण पत्र नं. के अनुसार था। जो कि घर की बोलबाल का नाम है। मेरे द्वारा पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन करा लिया गया है। अब मेरी पुत्री के नाम से बने जन्म प्रमाण पत्र व आधारकार्ड क्रमांक 6215 9349 1157 में पुत्री का नाम NITARA PUROHIT अंकित है। मेरे द्वारा पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की फोटोकॉपी शपथ पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। यह कि NITARA PUROHIT व NAINA दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति का होकर मुझ शपथकर्ता की पुत्री का ही नाम है। उक्त नामों के विवाद में किसी भी प्रकार के विवाद की समस्त जिम्मेवारी शपथकर्ता की होगी. यह कि पुत्री के नाम से बने पासपोर्ट में पुत्री का नाम NAINA के स्थान पर UNITARA PUROHIT अंकित कर दिया जाये.

शपथकर्ता
डॉ. निखिल पुरोहित पुत्र डॉ. हरी मोहन पुरोहित,
निवासी बी.एच. 143. दीनदयाल नगर,
ग्वालियर (म.प्र.) एफीडेविट नं. डीसी 447389

**कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)**

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सौजना-तिघरा, ग्वालियर (मप्र)
क्रमांक / विक्षेविप्रा/संपदा/2026- ग्वालियर
दिनांक..../02/2026

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र प्रसाद तेहगुरिया पुत्र श्री विद्याराम निवास-59बी न्यू गोविन्दपुरी थाटीपुर, ग्वालियर म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में भूखण्ड सेक्टर-सी ब्लॉक-03 भूखण्ड क्रमांक 31 एम.आई जी. 200 वर्गमीटर आकार आवंटित किया गया था। श्री राजेन्द्र प्रसाद तेहगुरिया द्वारा उक्त भूखण्ड के पट्टे का हस्तांतरण द्वारा श्रीमती कमला पत्नी श्री जंग बहादुर सिंह, निवास रचना नगर, वेड भारती विद्यालय के पास ग्वालिय म.प्र. को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होंगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

संपदा अधिकारी साडा
(काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला ग्वालियर (म.प्र.)**
ओहदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर पिन-474006

क्रमांक ए.डी.एम/वि.अधि./आशायित विवाह: (32) 2026, ग्वालियर दिनांक 17/02/2026

//विज्ञप्ति//

आवेदकगण रंजन अनुरागी पुत्र श्री बृजगोपाल अनुरागी उम्र 21 वर्ष निवासी संजय नगर लक्ष्मीगंज लश्कर ग्वालियर म.प्र. एवं जरिस नवी पुत्री श्री असलम नवी उम्र 21 वर्ष निवासी छुट्टा की बजरिया कम्पू लश्कर ग्वालियर म.प्र. द्वारा दिनांक 17.02.2026 को साक्षीगणों की उपस्थिति में विशेष विवाह अधिनियम 1954 आवेदन पत्र अधिनियम की धारा 11 के तहत घोषणा करते हुये आशयित विवाह हेतु धारा 5 के अन्तर्गत सूचना देकर तीन कलेन्डर मास के भीतर, अधिनियम के अधीन अनुष्ठापित होना आशयित दर्शाया गया है। अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन में वर एवं वधू द्वारा यह घोषणा की गई है कि आवेदकगण आवेदित दिनांक को अविवाहित है। वर द्वारा 21 वर्ष तथा वधू द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली गई है। उनकी आपस में कोई प्रतिषिद्ध नातेदारी नहीं है। यह भी घोषणा की गयी है कि दोनों पक्षकारों में से कोई भी पक्षकार चित्त-विकृति के परिणाम स्वरूप विधिमान्य सम्मत्ति देने में असमर्थ नहीं है। 2/ यदि किसी भी व्यक्ति को इस विवाह के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति या शिकायत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी, ग्वालियर, 474006, मध्यप्रदेश, के कार्यालय के कक्ष क्रमांक 203 में दर्ज करा सकते हैं। नियत तिथि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत / आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी
जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश

**आम सूचना**

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामसेवक सिंह भदौरिया पुत्र रसाल सिंह भदौरिया, निवासी बी-42 सूरी नगर मुरार जिला ग्वालियर (म.प्र.) द्वारा अपनी स्व. अर्जित आय से विभिन्न दिनांको पर तीन अलग अलग आवासीय भू-खण्ड पत्नी राधा देवी, निवासी ग्राम हरौली, हाल निवासी-खुरैरी मुरार जिला ग्वालियर के नाम से क्रय किये गये वर्तमान में मेरे पक्षकार का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है मेरे पक्षकार की पत्नी राधा देवी प्रथक निवास कर रही है एवं मेरे पक्षकार द्वारा उसके नाम से क्रय किये गये भू-खण्डों को बिना मेरे पक्षकार की सहमति के विक्रय कर खुर्द बुर्द कर देना चाहती है जिससे मेरे पक्षकार एवं उसके बच्चों का गंभीर सांपत्तिक नुकसान होने की संभावना है मेरे पक्षकार द्वारा जो भूखण्ड अपनी पत्नी राधा देवी के नाम से क्रय किये गये थे उनमे से एक भूखण्ड ग्राम मुरार गौशाला के पास खेरिया पदमपुर रोड ग्वालियर में होकर ग्राम मुरार के भू-सर्वे क्रमांक-554 का भाग होकर प्लॉट क्रमांक-20 है व एरिया 1500 वर्गफुट है, द्वितीय भू-खण्ड ग्राम खुरैरी के भूमि सर्वे क्रमांक-559/2/1 का भाग होकर वार्ड क्रमांक-61 एवं एरिया 1200 वर्गफुट है एवं तीसरा भू-खण्ड प्लॉट क्रमांक-1 विलासी सांई नगर मुरार जिला ग्वालियर में है जो ग्राम मुरार के भूमि सर्वे क्रमांक-255/2 का भाग होकर एरिया 1200 वर्गफुट है। मेरा पक्षकार भारतीय सेना में कार्यरत होकर अक्सर बाहर रहता है उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार ने अपनी स्व.अर्जित आय से क्रय की है इस कारण यदि कोई व्यक्ति या संस्था बिना मेरे पक्षकार की सहमति के उक्त भू-खण्डों के संबंध में कोई क्रय विक्रय, ऋण भार का संव्यवहार करता है तो ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार के हितों के मुकाबले शून्य एवं निष्प्रभावी होगा। तदानुसार सूचित हो। दिनांक :- 24/02/2026

सूचनाकर्ता- रामसेवक सिंह भदौरिया
पुत्र रसाल सिंह भदौरिया,
द्वारा- संदीप श्रीवास्तव - एडवोकेट
कार्य.- नूर गंज सेवा नगर ग्वालियर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार अमीर खान पुत्र श्री रमजान खान निवासी नयापुरा तिलक नगर सिंधी कॉलोनी लश्कर ग्वालियर ने श्रीमती ज्योत्सना डोंगरे पत्नी श्री प्रमोद डोंगरे निवासी 27 चिनाव अपार्टमेंट फर्स्ट फ्लोर हरीशंकरपुरम ग्वालियर के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति वशक्ल भवन स्थित माली वाली गली ढोली बुआ का पुल के अन्दर लश्कर ग्वालियर में है जिसका नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 40 है जिसका सम्पत्ति क्रमांक 590/1 तथा नगर पालिक निगम सम्पत्ति आई डी क्रमांक 1000294662 है जिसका कुल क्षेत्रफल 701 वर्गफुट यानि 65.15 वर्गमीटर है जो कागजात सरकारी में श्रीमती ज्योत्सना डोंगरे पत्नी श्री प्रमोद डोंगरे के नाम से दर्ज है जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है पूर्व में भवन पोण्ड्रिक, पश्चिम में मकान श्रीवास्तव, उत्तर में रास्ता निगम, दक्षिण में भवन खाण्डेकर साहब है उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने दिनांक 23/02/2026 को किया है जिसका निकट भविष्य में विक्रय पत्र सम्पादित होना शेष है। इस कारण सर्वसाधारण, पारिवारिक सदस्य एव रिश्तेदार व बैंक, संस्था निकाय, निगम, प्रा.फाइनेन्सर आदि को सूचित किया जाता है कि उक्त भवन के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो यह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरित कार्यालय पर उपस्थित होकर अपनी लेखीय आपत्ति प्रस्तुत करें समय अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों के मुकाबले मिथ्या होकर शून्य समझी जावेगी। तथा मेरे पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित करा लेवेगा

दिनाक 24/02/2025

भवदीय
अमीर खान पुत्र श्री रमजान खान
मोबा: 70674 27639
द्वारा अभिभाषक
जी.डी. गुप्ता
पता-चितेरा ओली माधौगंज लश्कर
ग्वालियर,मोबा 9827225595

आगामी
विश्व महिला दिवस
(8 मार्च) तथा
चैत्र नवरात्रि
(19 मार्च से)
विश्व मुद्रण दिवस
(24 फरवरी) की
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9179416408

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460